दैनिक जागरण 04/07/2024

प्राचार्य डा. दत्त ने किया मलेशिया व इंडोनेशिया विवि का दौरा

जागरण संवाददाता● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मलेशिया एवं इंडोनेशिया के चार विश्वविद्यालयों का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मैनेजमेंट एवं साइंस विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी आफ मलाया, यूनिवर्सिटी मोनाश मलेशिया तथा यूनिवर्सिटी उडयाना, इंडोनेशिया की शैक्षणिक व्यवस्था को देखा। यह दौरा कालेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डा. दत्त को इस दौरान सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य अकादमिक संबंधों को मजबूत करना, सहयोगात्मक अनुसंधान के अवसरों का पता लगाना और भारतीय और मलेशियाई शैक्षणिक संस्थानों के बीच ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करना है। अपनी यात्रा के दौरान,

जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त को सम्मानित करते हुए। ● सौ विज्ञप्ति

डा. दत्त ने विश्वविद्यालयों में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों के साथ बातचीत की और अपने विचार सांझा किए। उन्होंने मलेशिया एवं इंडोनेशिया के विश्वविद्यालयों में हो रहे नवीनतम शोध कार्यों का अवलोकन किया।चारों विश्वविद्यालयों के बीच कई विशिष्ट सहयोग के समझौते होने की संभावना है। इन समझौतों के माध्यम से दोनों संस्थान एक-दूसरे के अनुभव और संसाधनों का लाभ उठा सकेंगे।